## भेंट मुलाकात: मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायगढ़ जिले के नवापारा में की घोषणाएं...

# मुनिचुआं आश्रम परिसर में बाउण्ड्री वाल, मिनी स्टेडियम, बाढ़ प्रभावित गांवों में बाढ़ राहत केंद्रों का होगा निर्माण

### नवापारा में स्वास्थ्य केंद्र का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन सहित स्वास्थ्य केंद्र हेतु भवन, सड़क, सामुदायिक भवन, विद्यालय भवन की घोषणा





**रायगढ़**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज रायगढ़ जिले के नवापारा में भेंट. मुलाकात कार्यक्रम की शुरूआत मुनीचुआँ आश्रम में पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने आश्रम परिसर में बरगद का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और ग्रामीणों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्यमंत्री को ग्रामीणों ने काशी फूल की टोपी पहनाकर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की मांग पर नवापारा में उपस्वास्थ्य केंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन करनेए ग्राम कठानी में उप स्वास्थ्य केंद्र हेतु नवीन भवन निर्माणए ग्राम पंचायत मिडमिडा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हेतु नवीन भवन, एकताल मार्ग से लहंगापाली तक सडक़ निर्माण, ग्राम पंचायत पुसौर के बोराडीपा में सर्व समाज हेतु सामुदायिक भवनए ग्राम मल्दा में पहुँचविहीन ग्राम सोडकला तक सडक़, मुनिचुआं आश्रम परिसर में बाउण्ड्री वाल निर्माण, पुसौर के बड़ी हरदी में मिनी स्टेडियम, महानदी के समीप सभी बाढ़ प्रभावित गांवों में बाढ़ राहत केंद्रों का निर्माण, रेंगालपाली में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन निर्माण की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने ग्राम नवापारा में छत्तीसगढ़ महातारी की पूजा-अर्चना कर भेंट.मुलाकात कार्यक्रम की शुरूआत की। भेंट-मुलाकात के दौरान किसान बसंत कुमार ने आभार व्यक्त करते हुए बताया कि उसे राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत 94-94 हजार रूपए की दो किश्त मिल गई है। हाफ बिजली बिल योजना के तहत 9 हजार 194 रूपए की छूट मिली है। इसके अलावा अल्पकालीन कृषि ऋण माफ योजना के तहत 70 हजार रूपए कर्ज से मुक्ति मिली है। मुख्यमंत्री ने बसंत कुमार को चुटकी लेते हुए कहा कि इतना फायदा हुआ है कि बहु को भी कुछ लाकर देना।

इसी प्रकार लाल कुमार पटेल ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि मैं गोधन न्याय योजना के तहत हर महीने करीब 36 हजार रूपए के गोबर बेचता हूं। इससे वे घर गृहस्थी की जिम्मेदारी बेहतर ढंग से निभा रहे है। साथ ही मुलू राम सहित अनेक ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना की प्रशंसा करते हुए राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। नवापारा भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में आए मृत्युंजय कुमार ने मुख्यमंत्री बघेल को बताया कि उन्हें शासन की हरियाली योजना के तहत अपनी निजी भूमि पर 5 हजार सागौन के पौधे रोपित किए हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत अब तक 32 हजार 300 रूपए का लाभ हुआ है।

### मुख्यमंत्री ने लोइंग निवासी बहादुर सिदार के घर षडरस सब्जी के साथ लिया भोजन का स्वाद



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात अभियान के तहत आज दोपहर विधानसभा रायगढ़ के अंतर्गत ग्राम लोइंग पहुंचे। उन्होंने यहाँ भगवान जगन्नाथ स्वामी के मंदिर में पहुंचकर दर्शन उपरांत कृषक बहादुर सिदार के घर पहुंचे और उनके घर में बड़े सादगी के साथ भोजन ग्रहण किया। भोजन में चावल, दाल सहित षडरस से युक्त 6 विभिन्न प्रकार की सब्जियों का आनंद लिया। उन्हें भोजन में छौंक लगा डुबकी भी परोसा गया। इन सब्जियों में लेथा खटाई, बड़ी टमाटर, भिंडी, और मखाना भाजी की सब्जी शामिल थे। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र के कोलता समाज का लेथा खटाई एक खास व्यंजन है इसे समाज के हर विशिष्ट पर्व आदि कार्यक्रमो में जरुर शामिल किया जाता है।भोजन के पूर्व मुख्यमंत्री बघेल का कृषक बहादुर सिदार ने अपने घर के मुख्य द्वार पर श्रीफल भेंटकर आत्मीय स्वागत किया।

### हेमूकालाणी चौक से चक्रधर नगर चौक तक किया पैदल रोड शो







मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज रायगढ़ के हेमू कालाणी चौक से चक्रधर नगर चौक तक पैदल रोड शो किया। इस दौरान शहर के कई सामाजिक संगठनों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभी लोगों का अभिवादन किया। रोड शो के दौरान श्याम मंडल ने मुख्यमंत्री बघेल को लड्डुओं से तौल कर उनका अभिनंदन किया। वहीं सिंधी समाज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत सेब से तौल कर किया। चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों ने गजमाला पहनाकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का अभिनंदन किया। मुस्लिम समाज और रेडक्रॉस सोसायटी ने भी इस दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का स्वागत किया।

### नवापारा के ग्रामीणों की आस्था और विश्वास का केंद्र मुनिचुआं आश्रम में की पूजा-अर्चना





मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज भेंट मुलाकात कार्यक्रम में रायगढ़ जिले के पुसौर ब्लॉक के ग्राम नवापारा पहुँचे। मुख्यमंत्री ने यहां पहुँचते ही लोगों की आस्था व विश्वास के केंद्र मुनीचुआँ आश्रम में पूजा अर्चना की। मान्यता है कि नवापारा में लगभग 100 साल पहले वृद्ध महिला बूढ़ी माता हाथ में जलता हुआ कण्डा लेकर रोज सडक़ किनारे स्थित एक गड्ढे के पास जाती थी। भरी गर्मी में जहाँ आसपास के कुओं और जलाशयों का पानी सूख जाता था,उस गड्ढे में वर्ष भर जल भरा रहता था। बूढ़ी माता वहाँ कण्डे की आग से काली माँ की पूजा अर्चना करके चेचक जैसे महामारी का इलाज उस गड्ढे के दिव्य जल से करती थी। उस गड्ढे का नाम ही कालांतर में मुनीचुआँ पड़ा। बूढ़ीमाता लोगों को बताती थी कि मुनीचुआँ में अनेक सिद्ध ऋषि मुनी अदृश्य रूप से निवास करते हैं। बूढ़ीमाता के अनुसार मुनीचुआं में निवासरत ऋषि-मुनी कभी-कभी प्रकट होकर अपने प्रताप से अनेक मिष्ठान्न, व्यंजन एवं गरमा गरम भोजन व्यवस्था करके लोगों को खिलाते थे, फिर अदृश्य हो जाते थे। यह कहानी आसपास के लोगों के मुँह से आज भी सुनी जा सकती है। मुनीचुआँ परिसर में धार्मिक आयोजनों का सिलसिला वर्ष भर चलता रहता है। मुनीचुआँ के प्रति लोगों की धार्मिक आस्था और विश्वास आज भी कायम है।यहाँ पर स्थित गरुड़ वृक्ष् का महत्व है। ऐसी मान्यता है कि इस धार्मिक वृक्ष की सात बार परिक्रमा करके 7 पत्थर इस पर चढ़ाने से लोगों की मनौती पूरी होती है। गरुड़ वृक्ष के पास लगे हुए पत्थरों के ढेर लोगों की आस्था और विश्वास की कहानी बयान कर रहे हैं। कहा जाता है कि गरुड़ वृक्ष की छाल और पत्तों से कई असाध्य रोग ठीक हो जाते हैं।

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से विभिन्न समाज के प्रमुखों ने की मुलाकात : विभिन्न सामाजिक भवन निर्माण के लिए स्वीकृत की एक करोड़ से अधिक की राशि



**रायगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज रायगढ़ विधानसभा में भेंट-मुलाकात के दौरान विभिन्न समाज के प्रतिनिधिमंडल के समाज प्रमुखों ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक भवन के निर्माण के लिए एक करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत की। मुख्यमंत्री बघेल ने सोनार समाज के मंगल भवन निर्माण के लिए 10 लाख रूपए, कोलता समाज को बड़ा हाल निर्माण के लिए 20 लाख रूपए, यादव समाज को शहरी क्षेत्र के सामाजिक भवन निर्माण के लिए 20 लाख और पुसौर में सामाजिक भवन के लिए 10 लाख रूपए, चन्द्रा समाज को सामाजिक भवन बनाने के लिए 20 लाख रूपए, सोढ़ी समाज के भवन निर्माण के लिए 10 लाख रूपए, उरांव समाज के कब्रिस्तान का बाउंड्री वॉल करवाने और सामुदायिक भवन बनाने के लिए 20 लाख रूपए देने की घोषणा की। इसी तरह कोस्टा समाज के बुनकर समिति को खादी ग्रामोद्योग से जोड़कर उनके व्यापार को बढ़ावा देने और सतनामी समाज के रायगढ़ शहर के रामभाठा में उपलब्ध जमीन पर तार घेरा और वृक्षारोपण करवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कोतरा रोड बावली कुआं निवासी दिव्यांग अमन भारद्वाज को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से तीन लाख रूपए की घोषणा की।

## राजधानी और न्यायधानी में बढ़ रहे स्वाइन फ्लू के मरीज़, स्वास्थ विभाग में मचा हड़कंप : घर घर जाकर कराया जा रहा सर्वे




**रायपुर-बिलासपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर और न्यायधानी बिलासपुर में पिछले सप्ताह स्वाइन फ्लू के दो मरीजों की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। यही वजह है कि स्वाइन फ्लू के मरीजों की पहचान करने के लिए टीम स्लम एरिया में जाकर घर-घर सर्वे कर रही है।

दो दिन में टीम ने एक हजार मकानों में सर्वे किया। इस दौरान स्वाइन फ्लू के 20 संदेही मिले हैं, जिनका सैंपल लेकर जांच के लिए सिम्स के वायरोलॉजी लैब भेजा गया है। वहीं, तीन मरीज अस्पताल में भर्ती हैं।

बिलासपुर में स्वाइन फ्लू के लगातार मरीज मिल रहे हैं। पिछले सप्ताह निजी अस्पताल में इलाज के दौरान स्वाइन फ्लू से पीड़ित महिला की मौत हो गई। इसके दो दिन बाद रायपुर के एम्स हॉस्पिटल में एक महिला की मौत हो गई थी। एक सप्ताह के भीतर स्वाइन फ्लू से दो लोगों की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम को सर्वे के लिए स्लम एरिया में भेजा जा रहा है।

स्वाइन फ्लू के लक्षण कोरोना और वायरल बुखार से मिलते-जुलते हैं। इस वजह से लोग इसकी जांच कराने में भी कोताही बरत रहे हैं। तक स्वास्थ्य विभाग के अफसर भी नजरअंदाज कर रहे थे। मुख्यालय से सख्त निर्देश मिलने के बाद विभाग ने कोरोना के मरीज के साथ ही स्वाइन फ्लू के मरीज खोजने के लिए शहर के 27 स्लम एरिया को चिन्हित किया है।

यहां सर्वे घर-घर सर्वे करने की जिम्मेदारी मितानिनों व स्वास्थ्य कर्मचारियों को दी गई है। टीम ने दो दिन के भीतर अलग-अलग क्षेत्र मिलाकर एक हजार से ज्यादा घरों के लोगों की जांच की. जहां मरीज तो नहीं मिले लेकिन, 20 नए संदेही जरूर मिले हैं।

### नक्सलियों ने प्रेस नोट जारी कर आत्मसमर्पित नक्सली के हत्या की जिम्मेदारी ली

**बीजापुर (आरएनएस)।** नक्सलियों के भैरमगढ़ एरिया कमेटी ने प्रेस नोट जारी कर 21 अगस्त को आत्मसमर्पित नक्सली बामन पोडियाम के हत्या की जिम्मेदारी ली है। इस प्रेस नोट में बीजापुर जिला भैरमगढ़ ब्लॉक के अंतर्गत बेचापाल पंचायत निवासी पोडिय़ाम बामन 10 जून को भैरमगढ़ टीआई के समक्ष आत्मसमर्पण करने की बात लिखी गई है। आगे लिखा है कि पीएलजीए पोडिय़ाम बामन को पिछले 21 अगस्त 2022 को हत्या की गई।

## यात्रियों को मिली थोड़ी राहत : तीन एक्सप्रेस ट्रेनें लौटी पटरी पर



**बिलासपुर (आरएनएस)।** रेल सफर करने वाले यात्रियों के लिए जरूरी खबर। दरअसल, नागपुर रेल मंडल के राजनांदगांव-कलमना रेलखंड के बीच में काचेवानी रेलवे स्टेशन को जोडऩे के साथ ही आटो सिग्निलिंग, नान इंटरलाकिंग का काम करने के लिए पिछले दिनों रेलवे बोर्ड ने अचानक 58 ट्रेनों को रद कर दिया था।

इससे यात्रियों की हो रही परेशानी को ध्यान में रखकर रेलवे ने फिर से तीन एक्सप्रेस ट्रेनों को बहाल कर दिया है। बुधवार से ये ट्रेनें पटरी पर लौट आईं।

रायपुर रेल मंडल से मिली जानकारी के अनुसार नान इंटरलाकिंग का काम 29 अगस्त से छह सितंबर तक करने की घोषणा रेलवे बोर्ड ने की थी। इसके कारण 58 एक्सप्रेस ट्रेनों को रद करने के साथ चार ट्रेनों को गंतव्य से पहले समाप्त किया गया था, लेकिन अब इन ट्रेनों को फिर से चलाने की घोषणा रेलवे ने की है। बहाल की गई ट्रेनों में 31 अगस्त से चार सितंबर तक हावड़ा से छूटने वाली 12130 हावड़ा-पुणे आजाद हिंद एक्सप्रेस के साथ ही 31 अगस्त से चार सितंबर तक पुणे से छूटने वाली 12129 पुणे-हावड़ा आजाद हिंद्र एक्सप्रेस और चार सितंबर को हावड़ा और अहमदाबाद से छूटने वाली 12834/ 12833 हावड़ा-अहमदाबाद-हावड़ा एक्सप्रेस का परिचालन अब नियमित रहेगा।

## आने वाले दो दिनों में हो सकती हैं मध्यम वर्षा



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में मौसम नरम-गरम जैसी स्थिति में है। दिन की धूप गर्मी जैसी तीखी लग रही है। गर्मी के साथ उमस लोगों को परेशान कर रही है।

राजनांदगांव में तो पारा 35 डिसे तक पहुंच गया है। इधर, बुधवार की शाम बस्तर सहित राजधानी में वर्षा हुई। मौसम विशेषज्ञ इसे स्थानीय प्रभाव से हुई वर्षा बता रहे हैं। हालांकि हिमालय की तराई में बनी एक द्रोणिका के प्रभाव से आने वाले कुछ दिनों तक हल्की वर्षा की संभावना व्यक्त की जा रही है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार को हल्की वर्षा होने की संभावना है। रायपुर के साथ प्रदेश के कई जिलों में वर्षा हो सकती है। बस्तर में भी हल्की से मध्यम वर्षा व गरज-चमक के साथ छींटे पड़ सकते हैं। आइएमडी, रायपुर के अनुसार हिमालय की तराई इलाकों में मानसून द्रोणिका बनी हुई है। प्रदेश के मौसम में अधिक परिवर्तन होने की संभावना आगामी दो दिनों में नहीं है।

राजधानी रायपुर में बीते कुछ दिनों से वर्षा न होने और दिन की तेज धूप के कारण व्याप्त उमस से लोग परेशान हो गए थे। बुधवार शाम को हुई हल्की वर्षा से लोगों को इनसे छुटकारा मिला। यहां दिन का अधिकतम तापमान 34.2 व न्यूनतम 26.4 दर्ज की गई। अगले दो दिन तक राजधानी में मेघ छाए रहने के साथ शहर के कुछ क्षेत्रों में हल्की वर्षा हो सकती है। अधिकतम तापमान 34 डिग्री के आसपास बने रहने की संभावना जताई गई है।

## कल से अस्तित्व में आयेगा प्रदेश का 30 वां जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ बनने के बाद से ही रायगढ़ जिला में शामिल सारंगढ़ क्षेत्र और बलौदाबाजार के बिलाईगढ़ क्षेत्र के निवासियों की बरसों से मांग थी कि सारंगढ़-बिलाईगढ़ एक नया जिला बने। 3 सितम्बर को भूपेश बघेल सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला का शुभारम्भ कर वहां के निवासियों के सपने को साकार करेंगे। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 15 अगस्त 2021 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नये सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के गठन की घोषणा की थी।

सारंगढ़-बिलाईगढ़ के नया जिला बन जाने से शासन-प्रशासन की लोगों तक पहुंच और मजबूत होगी जिससे इन क्षेत्रों में विकास कार्यों को तीव्र गति मिलेगी। जिला मुख्यालय सारंगढ़ रायगढ़ से रायपुर मुख्य मार्ग सारंगढ़ राष्ट्रीय राज्य मार्ग क्रमांक 200 पर स्थित है। यहां रियासत कालीन समय से हवाई पट्टी स्थित है। जिला मुख्यालय सारंगढ़ छत्तीसगढ़ गठन के पूर्व से तहसील मुख्यालय एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मुख्यालय के रूप में है।

ज्ञात हो कि बिलासपुर संभाग के अंतर्गत आने वाले जिला रायगढ़ के उप खण्ड सारंगढ़, तहसील सारंगढ़ एवं बरमकेला तथा रायपुर संभाग के अंतर्गत आने वाले जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के उप खण्ड-बिलाईगढ़ तथा तहसील बिलाईगढ़ को समाविष्ट करते हुए नवीन जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ का गठन किया गया है। नवगठित जिले की सीमायें उत्तर में रायगढ़ जिला दक्षिण में महासमुंद जिला, पूर्व में उड़ीसा का बरगढ़ जिला और पश्चिम में बलौदा बाजार तथा उत्तर-पश्चिम में जांजगीर-चाम्पा जिले से लगी हुयी है। जिसमें तीन तहसील सारंगढ़, बरमकेला एवं बिलाईगढ़ एवं उप तहसील कोसीर तथा भटगांव शामिल होंगे। नवगठित जिले में तीन जनपद पंचायत सारंगढ़, बरमकेला व बिलाईगढ़ शामिल हो रहे है।

वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार यहां की कुल जनसंख्या 6 लाख 17 हजार 252 है। 759 ग्राम, 349 ग्राम पंचायत, 5 नगरीय निकाय, 601 कोटवार एवं 720 पटेलों की संख्या है। जिसके अंतर्गत 20 राजस्व निरीक्षक मंडल शामिल है जिनमें सारंगढ़, हरदी, सालर, कोसीर, छिंद, गोड़म, उलखर, बरमकेला, गोबरसिंघा, देवगांव, डोंगरीपाली, सरिया, बिलाईगढ़, पवनी, गोविंदवन, जमगहन, भटगांव, गिरसा, बिलासपुर एवं सरसीवा शामिल है। जिसका कुल राजस्व क्षेत्रफल 01 लाख 65 हजार 14 है एवं 2518 राजस्व प्रकरण की संख्या है। वर्तमान में नवीन जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 1406 स्कूल, 7 कालेज, 33 बैंक, 3 परियोजना, 141 स्वास्थ्य केन्द्र, 10 थाना एवं 2 चौकी स्थापित है।

नवगठित जिले में रामनामी समुदाय के लोग बड़ी संख्या में निवास करते हैं। ये अपना पूरा जीवन राम के नाम पर समर्पित कर देते है। इनकी विशेषता है कि ये अपने पूरे शरीर पर राम नाम का गोदना करवाते है। महानदी सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले की मुख्य नदी है। वहीं जिले के सारंगढ़- तहसील में स्थित गोमर्डा अभ्यारण्य सैलानियों को सहज ही अपनी ओर आकर्षित कर लेता है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480